## एक नजर में



### अग्रवाल जैसीस ने किया माताओं का पूजन

**उज्जैन।** मातृ दिवस के अवसर पर श्री अग्रवाल जैसीस ने एक अनूठी पहल करते हुए समाज की 80 वर्ष से अधिक उम्र की माताओं का उनके निवास पर जाकर सम्मान किया। संस्था के पदाधिकारियों ने बुजुर्ग माताओं का चरण पूजन कर और आरती उतारकर उन्हें शॉल व श्रीफल भेंट किया। संस्था अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल और सचिव मोहित अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम के सूत्रधार ट्रस्टी विजय अग्रवाल थे। आयोजन के तहत श्यामलाल मित्तल की धर्मपत्नी मोरसी बाई मित्तल, पुरुषोत्तम गोयल की धर्मपत्नी हीरामणि गोयल, विजया चौधरी, मनोरमा अग्रवाल, सुरेश गोयल की धर्मपत्नी राजकुमारी गोयल और भगवती देवी अग्रवाल का उनके निवास पर पहुंचकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विजय अग्रवाल ने कहा कि मां ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है। जीवन में मां का कोई विकल्प नहीं हो सकता और उनके जैसा दुनिया में कोई दूसरा नहीं है। हम सब भाग्यशाली हैं जिनके माता-पिता उनके साथ रहते हैं और हमें उनकी सेवा करने का यह सुनहरा अवसर मिला है। कार्यक्रम में जगदीश गोयल, जयकिशन अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, आनंद सराफ, शकुंतला अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, मीनल गुप्ता, प्रिया अग्रवाल, शीला अग्रवाल और दीपाली अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में जैसीस सदस्य उपस्थित थे। अंत में महिला जैसीस अध्यक्ष टीना अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।



### 30 बच्चों ने माताओं का किया सम्मान

**उज्जैन।** श्री वल्लभ युगल क्लब के तत्वावधान में रविवार को एक निजी होटल में मदर्स डे समारोहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान लगभग 30 बच्चों ने अपनी माताओं को पुष्पमाला पहनाकर व तिलक लगाकर उनका सम्मान किया तथा स्मृति चिह्न भेंट कर आशीर्वाद लिया। दीपक राजवानी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों ने अपनी माताओं के समर्पण और उनसे जुड़ी विशेष यादें सभी के सामने साझा कीं। माताओं के सम्मान के पश्चात सभी ने स्मृति चिन्ह के साथ समूह चित्र कराया और स्नेह भोज में शामिल हुए। कार्यक्रम संयोजक विशाल नीमा, अमित नागर और नितिन नीमा के नेतृत्व में यह भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इसे सफल बनाने में अमीश नीमा, नितेश नागर, दीपक नागर, मनोज नागर और विपुल नागर का विशेष सहयोग रहा।



### बच्चों ने सीखे लाठी, तलवारबाजी व योग के गुर

**उज्जैन।** वसंत विहार सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान और अध्यक्ष राजेंद्र परब के नेतृत्व में 10 दिवसीय शिविर का रविवार को श्रीराम मंदिर वसंत विहार में समापन हुआ। 1 मई से शुरू हुए इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता, कौशल और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना था। नरेंद्र कुमार चौरसिया ने बताया कि शिविर के दौरान अनुभवी प्रशिक्षकों ने बच्चों को विभिन्न विधाओं में निपुण किया। शिविर के पहले दिन करुणा शितोले और उनकी टीम ने बच्चों को आत्मरक्षा के लिए लाठी कौशल, तलवारबाजी, कराटे का प्रशिक्षण दिया। दूसरे दिन संभागीय खेल अधिकारी अरविंद जोशी ने शारीरिक व्यायाम और तीसरे दिन लाठी संगठन उपाध्यक्ष रीता नरवरिया ने लाठी संचालन की बारीकियां सिखाईं। समारोह के मुख्य अतिथि योगेंद्र सिंह सिसोदिया थे। अध्यक्षता आईपीएस डॉ. रमन सिंह सिकरवार और सेवानिवृत्त जज केसी शर्मा ने की। समापन अवसर पर मंच की ओर से लोकेंद्र सिंह बैस उपस्थित रहे। महिला मंडल की ओर से सीमा दुबे, रानी शर्मा, रचना यादव, हेमा यादव, छवि कदम और मोहिनी बैस मौजूद रहीं।

### होटल मित्तल एवेन्यू पर 15 हजार का जुर्माना



**उज्जैन।** स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत उज्जैन शहर के प्रमुख बड़े होटलों से निकलने वाले गीले कचरे का निष्पादन स्वयं होटल वालों द्वारा किया जाना होता है। जिसके क्रम में होटल मित्तल एवेन्यू द्वारा अपने होटल से निकलने वाले अपशिष्ट कचरे का प्रसंस्करण नहीं करने एवं गंदगी करते पाए जाने पर निगम द्वारा 15 हजार का जुर्माना किया गया। उल्लेखनीय है कि शहर के प्रमुख बड़े होटलों द्वारा 50 किलो से ज्यादा थोक कचरा उत्पादक गीले कचरे को स्वयं द्वारा कंपोस्ट पिट बनाते हुए स्वयं द्वारा निष्पादन किया जाना है। जिससे गीले कचरे से बनी खाद का उपयोग होटल के गार्डन में किया जा सके परंतु होटल मित्तल एवेन्यू द्वारा उक्त मापदंडों एवं नियमों का पालन नहीं किया गया जिसके क्रम में संबंधित पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई स्वास्थ्य अधिकारी आनंद विजय सिंह राठौड़, स्वास्थ्य निरीक्षक राजेश बंटी लोट एवं दरोगा की उपस्थिति में की गई।

# निर्माणाधीन नाली में गिरी महिला, पीठ से सरिया आर पार

### महापौर ने पहुंचाया अस्पताल, सर्जरी कर निकाला सरिया

**उज्जैन।** सड़क चौड़ीकरण और नाली निर्माण के दौरान सोमवार दोपहर बड़ा हादसा होना सामने आया। नाली में गिरते ही महिला के शरीर में सरिया घुस गया। महिला को स्थानीय लोगों ने सरिया काटकर बाहर निकाला। महापौर अस्पताल लेकर पहुंचे। मक्सी रोड पर रहने वाली प्रेमलता हारिया घरों में काम करती है।

महिला सोमवार को देसाई नगर में हिमांशु शुक्ला के घर काम पर जा रही थीं। इसी दौरान निर्माणाधीन नाली के पास उनका संतुलन बिगड़ गया और सीधे गड्ढे में जा गिरीं। नाली निर्माण के लिए सरिया लगाए गए थे एक सरिया उनकी पीठ से आर पार होकर पेट के रास्ते बाहर निकल गया। हादसे के बाद आसपास के लोग एकत्रित हो गए और अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोगों ने महिला की मदद करते हुए लोहे का सरिया काटा और उन्हें बाहर निकाला। सरिया शरीर में फंसा हुआ था तभी मौके से गुजर रहे महापौर मुकेश टटवाल ने घटनाक्रम देखा तो वह महिला को अपने वाहन से अस्पताल लेकर पहुंचे। निजी अस्पताल में महिला की सर्जरी कर सरिया निकल गया है, लेकिन हालत चिंताजनक है। पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। एसएस हॉस्पिटल डॉ. सुशील गुप्ता ने बताया कि महिला के शरीर में सरिया गहराई तक घुसा था, अंदरूनी अंगों को नुकसान हुआ है। महापौर टटवाल ने कहा कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे और सरिये खुले पड़े हुए थे।



### चार मंजिला मकान की छत पर गिरा मासूम बालक

उज्जैन। सोमवार सुबह निर्माणाधीन चार मंजिला मकान की छत से साढ़े 3 साल का बालक गिर गया। दूसरी मंजिल की छत से परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। बड़वानी का रहने वाला परिवार इंदौर रोड स्थित लाल गेट पर चार मंजिला मकान पर मजदूरी कर रहा है निर्माण अधीन मकान का ठेकेदार जगदीश है। आज सुबह मजदूर परिवार का साढ़े 3 साल का पुत्र पीयूष पिता उमेश भावरे चौथी मंजिल की छत पर खेल रहा था अचानक संतुलन बिगड़ने पर नीचे दूसरी मंजिल की छत पर आ गिरा। गंभीर रूप से घायल होने पर मासूम बालक को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे हैं। बालक के सिर में अंदरुनी गंभीर चोट लगी है। जिसके चलते उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। अस्पताल की ओर से मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

### चलती ट्रेन से गिरे यूपी के युवक की मौत

उज्जैन। उत्तर प्रदेश के हमीदपुर में रहने वाला जगदीश पिता उदय भान 39 साल सूरत की साड़ी फैक्ट्री में काम करता था। दो माह से वह अपने घर हमीरपुर में था। रविवार को अर्जुन और दोस्त जगत के साथ वापस जाने के लिए झांसी सूरत एक्सप्रेस ट्रेन में सवार हुआ था। सोमवार तड़के ट्रेन मक्सी रोड स्थित पिंगलेश्वर रेलवे ट्रैक से गुजर रही थी इस दौरान गेट पर बैठा जगदीश अचानक गिर गया। जगत और अर्जुन ने रेलवे पुलिस को सूचना दी ट्रेन के रुकने पर और रेलवे पुलिस के घटना स्थल ट्रैक पहुंचने के बाद जगदीश को अस्पताल लाया गया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

## दिन में रिक्शा पलटी शाम को चालक ने लगाई फांसी

**उज्जैन। दिन में रिक्शा पलटने पर शाम को चालक ने फांसी लगा ली। भाई घर पहुंचा तो उसने फंदे पर लटका देखा। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर जांच शुरू की है।**

पंवासा क्षेत्र मक्सी रोड पर रहने वाला विकास पिता रमेश चंद गहलोत ई रिक्शा चालक था। देर शाम भाई अर्जुन घर पहुंचा तो उसने विकास को फांसी के फंदे पर लटका देखा। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची थी। शव पोस्टमार्टम के लिए चरक अस्पताल लाया गया था। सोमवार सुबह भाई ने बताया कि दिन में विकास की रिक्शा पलटी खा गई थी। पूर्व में भी दुर्घटना में विकास का एक हाथ टूट गया था उसके हाथ में प्लेट लगाई गई थी। शाम को विकास के दोस्त का कॉल आया था और बताया था कि दिन में रिक्शा पलटने पर घायल हुआ है उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था लेकिन उसने मना कर दिया घर पर छोड़ा है हाथ में चोट लगी है। दोस्त का कॉल आने पर विकास को अस्पताल ले जाने के लिए वह घर पहुंचा था। भाई अर्जुन ने बताया कि तीन-चार दिनों से विकास घर पर अकेला था उसकी पत्नी बच्चों को लेकर शादी में शामिल होने के लिए इंदौर गई हुई थी। परिवार ने आशंका जताई कि पूर्व में हुई दुर्घटना और एक बार फिर रिक्शा पलटने पर उसे लगी चोट के चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया है विकास शराब पीने का भी आगे था। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई है दोस्त और परिजनों के बयान दर्ज किए जाएंगे।

## क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा को ध्यान में रख करें व्यवस्थाएं

- महापौर और निगमायुक्त ने की त्योहार को लेकर समीक्षा की




**उज्जैन।** शहर धार्मिक शहर है प्रतिदिन यहां पर्व एवं त्योहार का आयोजन किया जाता है। आगामी समय को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण पर्व त्योहार आ रहे हैं जिसमें शनिचरी अमावस्या, अधिक मास एवं क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा मुख्य रूप से आयोजित किए जाएंगे। उक्त आयोजन को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा समुचित व्यवस्थाएं समय पूर्ण सुनिश्चित की जाए।

इसके लिए सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल ने निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा की उपस्थिति में बैठक ली। महापौर टटवाल ने कहा कि 16 मई को शनिश्चरी अमावस्या एवं 17 मई से अधिक मास प्रारंभ हो रहा है। साथ ही 25 तारीख को शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा एवं गंगा दशहरा का आयोजन किया जाएगा। इसलिए प्रमुख मंदिरों पर सफाई व्यवस्था का विशेष रूप से ध्यान रखें। बैठक में संतोष टैगोर, पवन कुमार सिंह, संजेश गुप्ता, मनोज मौर्य एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## फ्रीगंज के व्यापारी बोले : लोग खुद जुटे उज्जैन के विकास में

**उज्जैन।** नगर में सिंहस्थ 2028 के लिए किए जा रहे विकास के कार्य में मानो उज्जैन के लोग खुद जुट गए हो। प्रमुख सड़कों का चौड़ीकरण चल रहा है। जिसमें लोग अपने मकान-दुकान स्वयं ही तोड़ रहे है। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विकास के इस संकल्प को पूरा करने के लिए पूरा शहर तैयार है। उज्जैन के नमकीन मिठाई विक्रेता संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं फ्रीगंज व्यापारी एसोसिएशन के वर्तमान सदस्य अंबालाल माहेश्वरी ने कहा कि शहर में चल रहे निर्माण कार्यों से थोड़े समय आम नागरिकों को दिक्कत हो सकती है। लेकिन भविष्य में इससे कई सालों तक लाभ भी मिलेगा। इससे जाम की समस्या दूर हो जाएगी, व्यापार बढ़ेगा, बाहरी श्रद्धालु, पर्यटकों को एक अलग ही आनंद महसूस होगा।

## 40 साल पुरानी लोहार पट्टी हटते ही चौड़ीकरण शुरू

### सेठी नगर से सांदीपनि चौराहा तक सड़क का रास्ता साफ

- पुराने के बाद अब नए उज्जैन की बारी, फ्रीगंज की बदलेगी तस्वीर

**उज्जैन।** सिंहस्थ की तैयारियां अब केवल पुराने शहर तक सीमित नहीं रहीं। महाकुंभ को विश्वस्तरीय स्वरूप देने के लिए जहां एक ओर परंपरागत क्षेत्रों में घाट, सड़क और अन्य अधोसंरचना कार्य तेजी से चल रहे हैं, वहीं अब नए शहर फ्रीगंज क्षेत्र में भी चौड़ीकरण, सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों ने गति पकड़ ली है।

राजस्व कॉलोनी क्षेत्र में जहां हाउसिंग बोर्ड के माध्यम से अधिकारियों के लिए आधुनिक फ्लैटों का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही एक व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स भी विकसित किया जा रहा है। इस पूरे क्षेत्र को सुव्यवस्थित और आकर्षक बनाने के लिए नगर निगम ने आसपास की सड़कों को चौड़ा करने का अभियान शुरू कर दिया है। सोमवार को नगर निगम की रिमूवल गैंग ने सांदीपनि चौराहा से लोहार पट्टी गरुड़िया बस्ती क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए 20 से अधिक मकानों और अस्थायी दुकानों को हटाया। ये निर्माण मार्ग चौड़ीकरण में बाधा बन रहे थे। वर्षों से सड़क किनारे लोहे के औजारों की दुकानें लगाकर जीवनयापन करने वाले लोहार और




गडरिया परिवार यहां बसे हुए थे। नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर सोमवार को यह कार्रवाई सब इंजीनियर आनंद परमार और रिमूवल गैंग की उपस्थिति में संपन्न हुई। अधिकारियों का कहना है कि जहां-जहां मार्ग चौड़ीकरण में बाधाएं सामने आएंगी, वहां इसी प्रकार कार्रवाई जारी रहेगी।

### रेलवे ओवरब्रिज और आंतरिक सड़क-मिलेगा सुगम आवागमन

घास मंडी चौराहे पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण भी प्रस्तावित है। जो जीरो प्वाइंट के नाम से जाना जाता है, यहां एक ब्रिज और हिरामिल की चाल तरफ बनेगा, इसके साथ देसाई नगर, अशोक नगर, लक्ष्मी नगर, गाय चौराहा और सांदीपनि चौराहा जैसी महत्वपूर्ण बस्तियों को बेहतर संपर्क मार्गों से जोड़ा जाएगा। देवास रोड, इंदौर रोड और मक्सी रोड से आने-जाने वाले वाहनों के लिए यह नेटवर्क अत्यंत उपयोगी साबित होगा। उज्जैन में सिंहस्थ के दौरान करोड़ों श्रद्धालु दर्शन, खरीदारी और पर्यटन के लिए फ्रीगंज क्षेत्र में पहुंचते हैं। ऐसे में चौड़ी और सुव्यवस्थित सड़कें यातायात को सुचारू बनाएंगी। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को बाजारों, आवासीय क्षेत्रों और प्रमुख मार्गों तक पहुंचने में आसानी होगी।

### लक्ष्मी नगर से सांदीपनि चौराहा तक

लोहार पट्टी हटने के बाद अब लक्ष्मी नगर, सेठी नगर, घास मंडी और सांदीपनी चौराहा तक सड़क चौड़ीकरण का मार्ग पूरी तरह साफ हो गया है। यह क्षेत्र फ्रीगंज और आसपास की कई कॉलोनियों को जोड़ता है, जहां यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है। नगर निगम ने पूर्व में नोटिस जारी किए थे और संबंधित परिवारों को समझाइश भी दी गई थी। प्रभावित लोगों ने वैकल्पिक स्थान की मांग करते हुए विरोध दर्ज कराया, लेकिन चूंकि यह भूमि शासकीय है और सड़क चौड़ीकरण के लिए आवश्यक है, इसलिए प्रशासन ने कार्रवाई को आगे बढ़ाया।

## ऑल इंडिया मुशायरा : सुबह पौने छह बजे तक गूंजीं गजलें

**उज्जैन। मरहूम उस्ताद शायर हुसैन अहमद शान की याद में उज्जैन मुशायरा कमेटी द्वारा आयोजित ऑल इंडिया मुशायरा गरिमापूर्ण सफलता के साथ संपन्न हुआ। मदारगेट स्थित रफीक शादमानी हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में देश के ख्यातनाम शायरों ने अपने कलाम से ऐसा समां बांधा कि मुशायरा सुबह 5.45 बजे तक चलता रहा।**

संस्था सदस्य भुरू शेख ने बताया कि अध्यक्षता वहीद भाई ने की। मुख्य अतिथि शहर काजी खलीकुर्रेहमान थे।

विशिष्ट अतिथि पं. योगेश व्यास, रवि राय, पत्रकार परवेज इकबाल, सरफराज कुरैशी, रफीक कुरैशी और कादर भाई ठेकेदार मौजूद रहे।

अब्दुल हाशिम मंसूरी और पत्रकार रशीद खान के अनुसार कार्यक्रम में रईस अहमद सिद्दीकी, दिलशाद कुरैशी, सैयद साबिर अली, मुहम्मद साहब, टुन्नू भाई, सोहेल कुरैशी, जाकिर खान, वाजिद खान, पत्रकार आरिफ खान, फैज जाफरी, मंसूर कुरैशी, डॉ. साजिद खान, जहूर लाला और बंटू जाफरी आदि ने विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के अंत में सफल आयोजन के लिए श्रोताओं ने शकील पटवारी का नागरिक अभिनंदन किया।



### इन शायरों ने जीता श्रोताओं का दिल

कन्वीनर शकील पटवारी ने बताया कि मुशायरे की निजामत तराना के नईम आफताब ने की। इस दौरान नईम अख्तर खादमी, आदिल रशीद, दीपक जैन, इब्राहिम अली जीशान, इकबाल युसूफ, इकबाल जफर, बद्र मुनीर, तजदीद साकी, कमर साकी और अय्यूब आसिम रूनिजा ने अपने कलाम पेश किए। वहीं इकबाल परवाजी, शबनम अली, रईस पानबिहारी, सुर्खाब बशर, मलंग खान ने भी शानदार प्रस्तुतियां दीं।

## 2 चोरी की वारदात करने वाले गिरफ्तार

**उज्जैन। एक माह में दो चोरी की वारदात करने वाले बदमाश और उसके नाबालिग साथी को पुलिस गिरफ्तार किया है। वारदात में चोरी का माल बरामद होने पर दोनों को न्यायालय में पेश किया गया।**

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया 26 मार्च को अमित जैन द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उद्योगपुरी क्षेत्र स्थित उसके प्रतिष्ठान से अज्ञात चोरों द्वारा हर रात को अंजाम दिया गया है। वहीं 29 अप्रैल को कृषि उपज मंडी क्षेत्र में हुई चोरी की दीपक सोनी निवासी पार्श्वनाथ सिटी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

दोनों घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए वारदात स्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। जिसके आधार पर एक बदमाश की पहचान साहिल उर्फ भेरिया के रूप में हुई। जिसे हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई तो उसने अपने नाबालिग साथी के साथ मिलकर चोरी की वारदात करना कबूल कर लिया। नाबालिग साथी को हिरासत में लेकर दोनों की निशानदही पर उद्योगपुरी स्थित प्रतिष्ठान से चोरी किया गया 40 किलो तांबे का स्क्रेप और चिमनगंज क्षेत्र में हुई चोरी में 2 डीवीआर एवं 1000 नगद जप्त किए गए। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से साहिल को जेल भेजा गया है और नाबालिक को बाल संरक्षण गृह में दाखिल कराया गया है।

**सोमनाथ स्वाभिमान पर्व** ▶ भस्म रमैया भक्त मंडल ने दी निर्गम गेट पर आकर्षक प्रस्तुति

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर महाकाल लोक में शंख-डमरू वादन



**उज्जैन।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत ज्योतिर्लिंग सोमनाथ में हुए गरिमामय आयोजन का उज्जैन के ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर के परिसर में महाकाल लोग में सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम त्रिवेणी संग्रहालय ऑडिटोरियम एवं मंदिर परिसर के निर्गम द्वार क्रमांक-10 पर किया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया। जिसका शुभारंभ संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय विभाग सतीश सोलंकी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शिवानी कुंवर, उप प्रशासक एसएन सोनी एवं सहायक प्रशासक मूलचंद जुनवाल ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा प्रस्तुतिकर्ता पवन तिवारी का स्वागत एवं सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में बटुकों द्वारा ओंकार जप एवं वैदिक मंत्रोच्चार किया गया। भक्ति गायन की मनमोहक प्रस्तुति कलाकारों ने दी। निर्गम द्वार पर भस्म रमैया भक्त मंडल ने शंख ध्वनि एवं डमरू वादन प्रस्तुत किया।

### शनि जयंती पर 2 दिवसीय कार्यक्रम 15 से

**उज्जैन।** वर्षों की परंपरानुसार इस वर्ष भी श्री शनिदेव मंदिर, अंकपात मार्ग, निकास चौराहा, उज्जैन पर दो दिवसीय उत्सव के तहत चल समारोह एवं महाआरती, भंडारा प्रसादी का आयोजन रखा जा रहा है। पुजारी व कार्यक्रम संयोजक हेमंत लश्करी के अनुसार उत्सव के अंतर्गत 15 मई शुक्रवार को शाम 5 बजे श्री शनिदेव मंदिर, अंकपात मार्ग, उज्जैन से चल समारोह निकाला जावेगा। जो कि नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेगा। 16 मई को संध्या 7 बजे श्री शनिदेव मंदिर, निकास चौराहा, उज्जैन पर महाआरती का पश्चात भंडारा प्रसादी का आयोजन होगा जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगण शामिल होंगे। कार्यक्रम में समस्त श्रद्धालुओं से उपस्थित होने की अपील शनिदेव भक्त मंडल ने की है।

## मां की चिंता में ही घर की दुआएं बसती हैं, भावुक हुए श्रोता

- सरल काव्यांजलि की मासिक गोष्ठी
- में पुस्तक पर चर्चा

**उज्जैन।** मां की चिन्ता में ही घर की दुआएं बसती हैं, बेटियों की आंखों में उसकी व्यथाएं बसती हैं, बेटे चुप रहकर भी सहारा बन खड़े रहते हैं, बहुओं के स्नेह से ही घर में ऋचाएं बसती हैं।

मदर्स डे के अवसर पर सरल काव्यांजलि संस्था ने आयोजित मासिक गोष्ठी में जब डॉ. वंदना गुप्ता ने यह पंक्तियां पढ़ीं। मानसिंह ने बताया कि अध्यक्षता डॉ. श्रीकृष्ण जोशी ने की। मुकेश जोशी, रवि राय और जीके निगम बतौर अतिथि मंचासीन थे। संचालन राजेंद्र देवधरे ने किया। डॉ. वसुधा गाडगिल के कहानी संग्रह रंग से रश्मियों तक पर संतोष सुपेकर ने समीक्षा वाचन किया। अतिथियों का स्वागत अशोक रावणकर ने किया। अमर शहीदों के पूजक और उज्जैन निवासी अभय मराठे को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



### इन रचनाकारों ने किया कविता पाठ

कार्यक्रम में डॉ. सीमा पंड्या, आशागंगा शिरढ़ोणकर, डॉ. आर.पी. तिवारी, डॉ. नेत्रा रावणकर, डॉ. रफीक नागौरी, हर्ष सैनी, वी.एस. गहलोत, तरुण उपाध्याय, अशोक रक्ताले, धनसिंह चौहान, मुंबई से वर्षा गर्ग, डॉ. विक्रम विवेक, हरदीप दायले, डॉ. एस.के. यादव और राजेश ने अपनी कविताओं की प्रस्तुति दी।